महिलाओं ने तलवार चलाकर दिखाए करतब

राजधानी में ईद-मिलादुन्नबी पर निकले जुलूस, आकर्षण का केंद्र रहा अखाड़ों का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

भोपाल, 26 अगस्त. राजधानी भोपाल में ईद-मिलादुन्नबी का त्योहार पूरे अकीदत, उत्साह और पारंपरिक शानो-शौकत के साथ मनाया गया. पुराने शहर में निकाले गए भव्य जुलूस में अमन और भाईचारे के संदेश के साथ-साथ पारंपरिक अखाड़ों का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा.

इस बार जुलूस का सबसे खास पहलू महिलाओं और युवतियों की भागीदारी रही, जिन्होंने हाथों में तलवारें थामकर अपनी कला और साहस का शानदार प्रदर्शन किया. जुलूस के दौरान निकले अखाड़ों में महिलाओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ तलवारबाजी, लाठी संचालन और आत्मरक्षा के पारंपरिक करतब दिखाए. उनकी फुर्ती और कलाबाजी को देखकर मार्ग के दोनों ओर खड़े लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया. अखाड़ा उस्तादों के मार्गदर्शन में युवतियों ने साबित किया कि पारंपरिक कलाओं के संरक्षण में वे भी किसी से पीछे नहीं हैं. धार्मिक झंडों के साथ निकले इस जुलूस में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाओं को याद करते हुए शांति, मानवता और आपसी सौहार्द का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया. जगह-जगह सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा जुलूस पर पुष्पवर्षा की गई और पानी व तबर्रुक के विशेष इंतजाम किए गए. अखाड़ों के प्रदर्शन और भारी जनसमूह को देखते हुए पुराने शहर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे.

पुलिस-प्रशासन की ओर से संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात किया गया और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए समय रहते रूट डायवर्जन लागू किया गया. पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मुस्तैदी तथा नागरिकों के सहयोग से पूरा आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ.

महाराष्ट्र समाज ने मनाया श्रावणी पर्व

भोपाल, 26 अगस्त. राजधानी के तुलसी नगर स्थित गणेश मंदिर में महाराष्ट्र समाज द्वारा बुधवार को श्रावणी पर्व धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर समाज के लोगों ने विधि-विधान के साथ स्नान व तर्पण किया गया. भगवान गणेश व अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई. अनुष्ठान के पश्चात ब्राह्मणों ने नया यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण किया. भोपाल के मराठी भाषी और ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग इसमें शामिल हुए.

नार्मदीय ब्राह्मण समाज का श्रावणी पर्व कल

भोपाल, 26 अगस्त. सनातन संस्कृति के पावन पर्व श्रावणी उपाकर्म एवं ब्रह्मसूत्र यज्ञोपवीत (जनेऊ) नवीनीकरण कर्म का आयोजन शुक्रवार को तुलसी नगर स्थित मां नर्मदा मंदिर परिसर में किया जाएगा. नार्मदीय ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित इस पावन ब्रह्मकर्म में बड़ी संख्या में ब्राह्मण बंधु एवं विद्वतजन सम्मिलित होंगे. इस दौरान दशविधि स्नान, हेमाद्रि संकल्प, ब्रह्मसूत्र यज्ञोपवीत नवीनीकरण, सप्त ऋषियों का पूजन एवं माता अरुंधती का पूजन कराया जाएगा.

नगर में आज

शालाका चित्र प्रदर्शनी
समय- दोपहर 12 बजे से, **स्थान-** जनजातीय संग्रहालय

माह का प्रादर्श
समय- सुबह 10 बजे से, **स्थान-** मानव संग्रहालय

मुकेश की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम
समय- शाम 5 बजे, **स्थान-** होटल प्राइड कोलार

एक नजर में

भेदज्ञान से मोह का क्षय ही कल्याण का मार्ग



भोपाल,26 अगस्त. एमपी नगर विद्योदय तीर्थ में चल रहे चातुर्मास के दौरान बुधवार को धर्मसभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने कहा कि शरीर से ममत्व घटाकर आत्मा के वास्तविक स्वरूप को पहचानना जरूरी है. भेदज्ञान के माध्यम से मोह को कम करना ही आत्मकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. उन्होंने कहा कि काया के प्रति ममत्व का त्याग करना ही कायोत्सर्ग है. शरीर को छोड़ा नहीं जा सकता, लेकिन उसे 'मेरा' 'तेरा' मानकर आसक्ति रखना उचित नहीं है. भूख भी वेदना का एक कारण है, इसलिए शरीर की जरूरत, आत्मा के स्वरूप में अंतर समझना जरूरी है.

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय सम्मानित

भोपाल, 26 अगस्त. सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने एक सम्मान समारोह में अंधत्व नियंत्रण के क्षेत्र में उत्कृष्ट दीर्घकालिक सेवाएं देने के फलस्वरूप सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को सम्मानित किया. सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को भोपाल नगर निगम द्वारा किया गया था. समारोह में महापौर मालती राय, दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी एवं नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी मुख्य रूप से उपस्थित थे. सम्मान समारोह में सेवा सदन को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं श्रीफल प्रदान किया गया. सेवा सदन की ओर से ट्रस्टीगण रमेश राजानी, ए.सी. साधवानी, तुलसी आडवानी, सुरेश आवतरामानी, राजकुमार मूलचंदानी तथा संत सेवक हीरो केसवानी उपस्थित थे.

एशियाई खेल में मप्र के 32 खिलाड़ी

भारतीय टीम में मप्र राज्य अकादमी के 25 व सात पूर्व खिलाड़ी शामिल

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 26 अगस्त. जापान में होने वाले एशियाई खेल-2026 में मध्यप्रदेश के 32 खिलाड़ी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे.

इस बार प्रदेश के दल में पिछले एशियाई खेलों की तुलना में 11 खिलाड़ी कम हैं, इसमें राज्य खेल अकादमी के 25 मौजूदा और सात पूर्व खिलाड़ी शामिल हैं. ऐसे में पदक की बड़ी जिम्मेदारी अकादमी से तैयार खिलाड़ियों पर रहेगी. प्रतियोगिता 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आइची और नागोया (जापान) में होगी. प्रदेश के खिलाड़ी 10 खेलों में उतरेंगे. इनमें शूटिंग, हॉकी, सेलिंग, जूडो, रोइंग, एथलेटिक्स, क्रिकेट और कैनो स्लालम प्रमुख हैं. पिछली बार 2022 में चीन के हांगझोऊ में मध्यप्रदेश से 43 खिलाड़ियों ने 16 खेलों में भाग लिया था.

भारतीय टीम में शामिल हैं ये खिलाड़ी

शूटिंग: ऐश्वर्य प्रताप, नीरज डांडा, आशी चौकसे और मनीषा कीर.
महिला क्रिकेट: क्रांति गौड़.
हॉकी: विवेक सागर प्रसाद, इशिका चौहान, इशिका चौधरी, बिंदु देवी और सुशीला चानू.
जूडो: यामिनी मौर्य 57 किलोग्राम वर्ग में उतरेंगी.
सेलिंग: हरिका गोमर, शीतल वर्मा, माही वर्मा, श्रद्धा वर्मा, मनु फ्रांसिस, प्रिन्स और रविन्द्र कुमार शर्मा.
रोइंग: पूनम, गुरवानी कौर और अंशिका भारती.
सॉफ्ट टेनिस: योगेश चौधरी, जय मीणा और आस्था तिवारी.
चयनित खिलाड़ियों में 78 प्रतिशत मौजूदा अकादमी खिलाड़ी हैं. यह आंकड़ा जापान में प्रदेश की पदक उम्मीदों के साथ उसकी प्रशिक्षण व्यवस्था की भी परीक्षा लेगा.

30 को मलयाली समाज का ओणम समारोह

भोपाल, 26 अगस्त. मलयाली समाज द्वारा 30 अगस्त रविवार को ओणम समारोह आयोजित किया जाएगा. यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन और मलयालम मिशन के मध्य प्रदेश चैप्टर के संयुक्त आयोजन में कार्यक्रम गोविंदपुरा स्थित हेमा स्कूल ग्राउंड में होगा. समारोह में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा मुख्य अतिथि होंगे. मलयालम फिल्म और टीवी कलाकार अनीश रवि भी मौजूद रहेंगे. समारोह की शुरुआत दोपहर 3 बजे अथपू यानी फूलों की रंगोली और रस्साकशी से होगी. रस्साकशी में विभिन्न टीमें रोलिंग ट्रॉफी और नकद पुरस्कार के लिए हिस्सा लेंगी.

दादाजी धाम मंदिर में किया रुद्राभिषेक

भोपाल, 26 अगस्त. दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड, पटेल नगर में बुधवार को श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया.इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दुग्ध एवं पूजन सामग्री अर्पित कर अभिषेक किया. शिवलिंग को सुंदर पुष्पों एवं मालाओं से सजाया गया तथा दीप प्रज्वलित कर भगवान आशुतोष की आराधना कर परिवार, समाज एवं विश्व के सुख-शांति एवं कल्याण की कामना की. मान्यता के अनुसार श्रावण मास में भगवान शिव का पूजन, अभिषेक, बेलपत्र एवं पुष्प अर्पण तथा मंत्र-जप अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है.

रवींद्र भवन में गूंजे शास्त्रीय संगीत के सुर

नवभारत न्यूज

भोपाल,26 अगस्त.रवींद्र भवन का अंजनी सभागार बुधवार शाम रागों से गूंज उठा.

मौका था स्वर निषाद संगीत संस्थान के वार्षिक समारोह स्वर उत्सव का, जहां नन्हे कलाकारों से लेकर बड़े संगीत साधकों तक ने मंच संभाला. किसी ने राग भूपाली में सुर साधे तो किसी ने खमाज, मेघ और बहार के जरिए शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी. नन्हे कलाकारों ने सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की रचना 'वर दे, वीणावादिनी, वर दे' प्रस्तुत की. इसके बाद विद्यार्थियों ने बंदिश, तराना, ठुमरी, भजन और फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां दीं. 'स्वरांजलि', 'स्वर मेघ' और 'स्वर बहार' समूहों की प्रस्तुतियों में अलग-अलग उम्र के संगीत साधक शामिल हुए. समारोह का समापन 'स्वर संगम' की प्रस्तुति से हुआ. कलाकारों ने 'भो शंभो, शिव शंभो' और अमीर खुसरो की 'छाप तिलक सब छीनी' प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया. कार्यक्रम में संस्थान के गुरुजनों का सम्मान किया गया.

पुस्तक 'लोकावतरण' का लोकार्पण

भोपाल, 26 अगस्त (नवभारत न्यूज). वैदिक सूक्तों को संस्कृत के साथ निमाड़ी और हिंदी में आम पाठकों तक पहुंचाने वाली डॉ. ममता खेड़े की पुस्तक 'लोकावतरण' का बुधवार को प्रशासन अकादमी में लोकार्पण हुआ. पुस्तक में प्रत्येक मंत्र को मूल संस्कृत में रखते हुए उसका निमाड़ी में भावांतर और फिर हिंदी अनुवाद दिया गया है. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कथाकार संतोष चौबे ने कहा कि शास्त्रों को लोक बोलियों से जोड़ने पर दोनों का आपसी समृद्धि का प्रतीक हैं. मुख्य अतिथि मनोज श्रीवास्तव ने इसे पहले संस्कृत, फिर निमाड़ी और फिर हिंदी के मेल से तैयार किया गया काम बताया. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शिवनारायण मिश्र ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया.

जगदीश श्रीवास्तव को दी श्रद्धांजलि



भोपाल, 26 अगस्त. मध्यप्रदेश लेखक संघ ने सुप्रसिद्ध गीतकार जगदीश श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त किया है. संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी, संरक्षक डॉ. राम वल्लभ आचार्य, उपाध्यक्ष ऋषि श्रृंगारी तथा संयुक्त मंत्री मनीष श्रीवास्तव ने उनके निधन को साहित्य एवं साहित्यिक पत्रकारिता की अपूरणीय क्षति निरूपित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. बुधवार सुबह 89 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया था. वे काफी समय से बीमार थे. उन्होंने लम्बे समय तक राष्ट्रीय स्तर के कवि सम्मेलनों में देश के दिग्गज कवियों के साथ किया था. वे साहित्यिक पत्रिका 'सृजन क्षण' के संपादक तथा संघमित्रा प्रकाशन के संचालक थे.

पश्चिम मध्य रेल
उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट) शाखा-भोपाल
निविदा क्रमांक: BPL-PROJECT-EPC-2026-01
प्रकाशन दिनांक 05.08.2026
शुद्धिपत्र-01
निविदा क्रमांक: BPL-PROJECT-EPC-2026-01 प्रकाशन दिनांक 05.08.2026 हेतु **IREPS Portal** पर शुद्धिपत्र-01 दिनांक 20.08.2025 को प्रकाशित किया गया है। पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "https: //ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। कृपया उक्त वेबसाइट को आगे की सूचना के लिए विजिट करे। (हस्ता.)
उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट) भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल
ई-खुली निविदा सूचना
क्र. 20-2026
वरिष्ठ मंडल यॉंत्रिक इंजीनियर (फ्रेट एंड ईएनएचएम) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी एवं प्रतिष्ठित फर्मों से निम्न कार्य हेतु ई-खुली निविदायें आमंत्रित करते है। **कार्य विवरण**- Comprehensive Annual maintenance contract for RI/RO CCTV surveillance system installed at different C&W depots of BPL division for period of 12 months or 01 year, **अनुमानित लागत**- रू. 4,97,083.87 (Including GST), **कार्य अवधि** : 12 months or 01 year, **बयाना राशि** – रू. 10000.00 **निविदा फार्म मूल्य** : निल, **निविदा बन्द होने की तिथि/समय** : दिनांक 15.09.2026 को 15:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि/समय** : दिनांक 15.09.2026 समय 15:30 बजे के पश्चात, निविदा सूचना इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है एवं निविदा से सम्बन्धित पूरी जानकारी एवं पात्रता की शर्तें वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। इस निविदा के लिए कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जाएगा।
वरि. मंडल यांत्रिक इंजीनियर (फ्रेट एंड ईएनएचएम) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

उत्तर मध्य रेलवे
पत्र सं.: JHS/Comm/e-Auction/26/157 दिनांकः 25.08.2026
ई-नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-
श्रेणीः पार्सल | केटलोग संख्याः JHS-Leasing-002
एसेट्स डिटेल्सः (1) ट्रेन संख्या-22194 में 01 एसएलआर- एफ-I, (2) ट्रेन संख्या- 12176 में 01 एसएलआर- एफ-I, (3) ट्रेन संख्या- 11086 में 01 एसएलआर- एफ-I, (4) ट्रेन संख्या-12049 में 01 एसएलआर- एफ-I, (5) ट्रेन संख्या- 22198 में 01 एसएलआर- एफ-I, (6) ट्रेन संख्या 22195 में 01 एसएलआर- एफ-I, (7) ट्रेन संख्या-12320 में 01 एसएलआर- आर-I.
ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समयः दिनांक 05.09.2026 को समय- 10:00 से
ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समयः दिनांक 05.09.2026 को समय- 11:30 तक
नोट- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1986/26 (A)**
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे
पत्र सं-C/JHS/158/GWL/WVMs/e-Auction/2026 दिनांक : 24.08.2026
ई-नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-
श्रेणी : Misc-Static-Service-वाटर वेंडिंग मशीन आवंटन
एसेट्स डिटेल्स : झाँसी मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर वाटर वेंडिंग मशीन के ठेके हेतु ई-नीलामी : वाटर वेंडिंग मशीन का विवरण : वाटर वेंडिंग मशीन (WVM) को झाँसी मंडल के निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थापित किया जाना प्रस्तावित हैः दतिया (DAA), महाराजा छत्रसाल छतरपुर (MCSC), भिण्ड (BIX), ललितपुर (LAR), महोबा (MBA), वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी (VGLJ), उरई (ORAI), डबरा (DBA), ओरछा (ORC), टीकमगढ़ (TKMG), बाँदा (BNDA), पुखरायाँ (PHN), एवं हरपालपुर (HPP), प्रत्येक स्टेशन पर WVM की स्थापना हेतु निर्धारित सटीक स्थान/साइट, संबंधित साइट प्लान/लोकेशन विवरण, जो IREPS मॉड्यूल में उपलब्ध है, के अनुसार होगी। बोलीदाताओं/इच्छुक पक्षों को सलाह दी जाती है कि निविदा/ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व IREPS मॉड्यूल का अवलोकन कर संबंधित स्टेशन के साइट प्लान/ड्राइंग में दर्शाए गए स्थान का ध्यानपूर्वक संदर्भ लें।
केटलोग संख्या : JHS-WVM-CIRCULA
ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांक 14.09.2026 को 10:00 बजे
ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांक 14.09.2026 को 12:30 बजे
नोट :- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1982/26 (C)**
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONC

भारतीय स्टेट बैंक होम लोन सेंटर भोपाल-1 (सार्क विंग) | एच.एल.सी-1, द्वितीय तल, वाणिज्यिक शाखा भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) फोन नं. 0755-2575163,2575170, E-mail : sbi.04484@sbi.co.in

अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत नोटिस

एक सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित उधारकर्ताओं ने बैंक से प्राप्त ऋण की मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है और ऋण को गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। नोटिस धारा 13 (2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर भेजे गए थे, लेकिन उन्हें वापस कर दिया गया है और इस प्रकार उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित किया जा रहा है।

क्र.	उधारकर्ता का नाम व पता	संपत्ति का विवरण/पता	नोटिस की तारीख / एनपीए की तारीख	बकाया राशि (नोटिस की तारीख के अनुसार)
1.	**श्री रिज़वान कुरेशी पुत्र अब्दुल सत्तार कुरेशी** 1. 719, सुदामा नगर, गली नंबर 9, नूर मस्जिद के पास, गोविंदपुरा, हुजूर, भोपाल म.प्र.- 462023 2. पैनल प्वाइंट सर्विस सेंटर- इतवारा रोड, भोपाल म.प्र.- 462020 3. फ्लैट नंबर 09, तीसरी मंजिल, राजा कॉम्प्लेक्स रेजिमेंट रोड, सहजनाबाद, भोपाल, म.प्र.- 462023	**Registration no.**- MP04 YH 0308 **Model**- NISSAN MAGNITE ACENTA MT **Make**- 2024 **Chasis no.**- MDHFBADD0RB143203 **Engine no.** B4DF424E115233	28.07.2026 / 25.05.2026	**Rs. 6,69,443.00** + ब्याज + अन्य खर्च
2.	**श्री विनोद सिंह राजपूत पुत्र सुरेश राजपूत** 1. मेसर्स श्री खाटू श्याम इंटरप्राइजेज- एल-13, एलआईसी ब्लॉक नंबर 402, गौरी शंकरी परिसर, कटारा हिल्स, भोपाल, एम.पी.- 462043 2. गोशपुरा नं. 1, कुटियाना मोहल्ला हजीरा, ग्वालियर, म.प्र.-474001	**Registration no.** - MP04 ZN 5969 **Model**- HYUNDAI AURA 1.2 MT CNG S BSVI **Make**- 2023 **Chasis no.**- MALB341CLPM193571 **Engine no.** G4LAPM529728	27.07.2026 / 10.10.2025	**Rs. 8,35,430.00** + ब्याज + अन्य खर्च
3.	**श्री सईद खान पुत्र राहुफ खान** 1. मकान नंबर 183, बैरागढ़ चीचली, हुजूर, भोपाल एम.पी.- 462042	**Registration no.** -MP04 ZP 3580 **Model**- MAHINDRA BOLERO B6 **Make**- 2023 **Chasis no.**- MA1XL2TVXP5J49915 **Engine no.** TVP6J85408	27.07.2026 / 02.07.2026	**Rs. 6,78,608.00** + ब्याज + अन्य खर्च
4.	**श्री राहुल सिंह दलोदिया पुत्र अनूप दलोदिया** 1. प्लॉट नंबर 25-ए, सेक्टर डी, गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, गोविंदपुरा, जे.के.रोड, हुजूर, भोपाल -462022 2. सी-709, सेंचुरियन स्काई, लहरपुर पुलिस चौकी के पास, कटारा हिल्स, भोपाल-462043 3. पुत्र अनूप दलोदिया, मकान नंबर 26, दुर्गेश विहार जे.के.रोड, हुजूर, भोपाल - 462021	**Registration no.** -MP04 YH 0111 **Model**- TATA CURVV EV EMP+55 **Make**- 2024 **Chasis no.**- MAT853026RLJ03157 **Engine no.** TZ180XS91AB24090832	21.07.2026 / 15.12.2025	**Rs. 21,74,277.00** + ब्याज + अन्य खर्च
5.	**श्री मनीष कुमार पुत्र राजेंद्र अहिरवाल श्रीमती डाली सूर्यवंशी पत्नी मनीष अहिरवार** 1. लक्ष्य आयुर्वेदिक दुकान- बजरिया वार्ड क्रमांक 6, दमोह, म.प्र.- 470661 2. बौद्ध आयुर्वेदिक दवा की दुकान- दुकान नंबर 08, करुणा प्लाजा, नक्षत्र कश्वलोनी, मित्तल कश्वलेज के पास, भोपाल- एम.पी. -462041 3.पुत्र राजेंद्र अहिरवाल, सिविल वार्ड नं. 10, खजरी मोहल्ला, दमोह म.प्र. - 470661 4. फ्लैट नंबर 206, दूसरी मंजिल, इंडस सुपर, इंडस कश्वलोनी, ग्राम नवीबाग, हुजूर, भोपाल एम.पी.- 462022	**Registration no. -** MP04 YE 0195 **Model**- RENAULT TRIBER RXT MT 1L ECE **Make**- 2024 **Chasis no.**- MEERBC002R8212013 **Engine no.** B4DF424E097892	27.07.2026 / 28.04.2026	**Rs. 8,37,634.00** + ब्याज + अन्य खर्च
6.	**श्री सोहन लाल रजक पुत्र वंशी रजक** 1. सी/ओ वंशी लाल रजक ई- 8/122, श्री हाइट्स, चंद्रिका सोसायटी, हुजूर, बावड़िया कलां, भोपाल- 462026 2. वार्ड क्र. 26, सरकिया मण्डीदीप, तहसील गौहरगंज, जिला. रायसेन- 464990	**Registration no.** -MP04 YJ 4308 **Model**- MARUTI SUZUKI NEXA BALENO DELTA CNG **Make**- 2024 **Chasis no.**- MBHHWB13SRH830219 **Engine no.** K12NP4532476	22.07.2026 / 12.02.2026	**Rs. 8,74,529.00** + ब्याज + अन्य खर्च
7.	**श्रीमती नन्नी बी पुत्री गफूर खान** 1. 12, बरखेड़ी मेन रोड, जहांगीराबाद, हुजूर, भोपाल- 462008 2. दुकान नं. डी- 06, बीडीए कॉलोनी, कोहेफिजा, भोपाल- 462001	**Registration no.** - MP04 YG 7468 **Model**- HYUNDAI CRETA 1.5 MPI IVT SX(O) **Make**- 2024 **Chasis no.**- MALPC812TRM092423 **Engine no.** G4FLRV896867	21.07.2026 / 23.07.2025	**Rs. 18,59,704.00** + ब्याज + अन्य खर्च
8.	**श्री कन्चेड्डी पुत्र राम दास** 1. बालाजी इंडस्ट्रीज डीके- 3/25, नर्मदा टावर दानिश चौराहा, दानिश कुंज, कोलार रोड, भोपाल- 462022 2. फ्लेट नं. 502, देवालय प्रिस्टिन, होशंगाबाद रोड, भोपाल-462026 3. मकान नंबर- ए-57, अमरा ईडन पार्क, लोटस हॉस्पिटल के पास, हुजूर, कोलार रोड, भोपाल- 462042	1.**Registration no.** -MP04 YN 7317 **Model**- HONDA AMAZE RDE VX CVT R(I-TEC) **Make**- 2025 Chasis no.- MAKDF568GR4502192 Engine no. L12B48006816 **2. Registration no.** -MP04 YN 3822 **Model**- HONDA AMAZE RDE VX MT(I-TEC) **Make**- 2025 **Chasis no.**- MAKDF559AR4410185 **Engine no.** L12B47846536	22.07.2026 / 15.11.2025	**Rs. 20,93,041.00** + ब्याज + अन्य खर्च

उपरोक्त उधारकर्ता (ओं) और/या उनके गारंटर (ओं) (जहां भी लागू हो) को इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा इस नोटिस की तिथि से 60 दिनों की समाप्ति के बाद प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधारकर्ताओं का ध्यान धारा 13 के उप-खंड (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने के लिए समय की उपलब्धता के संबंध में है।

दिनांकः 27.08.2025 अधिकृत अधिकारी
स्थानः भोपाल भारतीय स्टेट बैंक